Ans. (d) – रमझोला आभूषण को राजस्थान की महिलाओं द्वारा पैर में पहना जाता है। अन्य सही सुमेलित है।

47. निम्नलिखित में कौन सा आभूषण महिलाओं द्वारा नहीं पहना जाता है?

(a) रखड़ी (b) मेमंद
(c) कंडोरा (d) मोरखा

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV

Ans. (d) – 'मोरखा' आभूषण महिलाओं द्वारा नहीं पहना जाता है। महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले आभूषण हैं-
• रखड़ी व मेमंद सिर पर पहने जाने वाले आभूषण हैं।
• कन्दोरा महिलाओं द्वारा कमर में पहना जाने वाला आभूषण होता है।

48. तारकशी का संबंध है?

(a) नाथद्वारा (b) जोधपुर
(c) जयपुर (d) बीकानेर

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (a) : तारकशी आभूषण के लिए राजस्थान का नाथद्वारा (राजसमंद) स्थान प्रसिद्ध है। चांदी के पतले तारों से आभूषण बनाने की कला तारकशी कला कहलाती है। तारकशी कला का इस्तेमाल जेवरों के डिब्बे, नाम पट्टिका इत्यादि वस्तुओं की सजावट में होता है।

49. चाँदी के आभूषणों की तारकशी के लिए राजस्थान का कौन सा स्थान प्रसिद्ध है?

(a) प्रतापगढ़ (b) जालौर
(c) खण्डेला (d) नाथद्वारा

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

50. पलाण, मोहरा, गोरबन्द और पर्चनी राजस्थान में किस पशु के श्रृंगार के आभूषण हैं?

(a) हाथी (b) घोड़ा
(c) ऊँट (d) बैल

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (c) : पलाण, मोहरा, गोरबन्द और पर्चनी, ऊंट पशु के श्रृंगार आभूषण है। ऊंट को रेगिस्तान का जहाज कहा जाता है। राजस्थान सरकार ने 30 जून, 2014 को ऊंट को राजस्थान के राज्य पशु का दर्जा दिया था। राजस्थान में सर्वाधिक ऊंटों वाला जिला बाड़मेर तथा सबसे कम ऊंटों वाला जिला प्रतापगढ़ है।

51. राजस्थान में कहाँ पर प्रसिद्ध मीनाकारी गहने बनाये जाते हैं?

(a) जयपुर (b) जोधपुर
(c) उदयपुर (d) भरतपुर

उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2003

व्याख्या – जयपुर मीनाकारी गहनें, पीतल धातु के बर्तन निर्माण, रत्न उद्योग आदि के लिए प्रसिद्ध है। जोधपुर की नौरंगी जूतियाँ विश्व प्रसिद्ध हैं, जिंक के खिलौने हेतु उदयपुर एवं अभ्रक ईंट उद्योग के लिए भीलवाड़ा सुप्रसिद्ध है।

52. राजस्थान के रीति-रिवाजों में 'आंणौ' क्या है?

(a) कुँआ पूजन
(b) दुल्हन के परिवार द्वारा वर की बारात का डेरा देखने जाना
(c) विवाह के पश्चात् दुल्हन को दूसरी बार ससुराल भेजना
(d) जलझूलनी की एकादशी पूजा

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (c) : राजस्थान के रीति-रिवाजों में आंणौ - विवाह के पश्चात दुल्हन को दूसरी बार ससुराल भेजने से संबंधित है।

53. राजस्थान राज्य से प्रचलित 'सागड़ी प्रथा' क्या है?

(a) बंधुआ मजदूरी प्रणाली
(b) शादी की परंपरा
(c) राजस्व संग्रह का प्रकार
(d) एक विशेष प्रकार का कर

RPSC RAS/RTS -1996
RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (a) : बंधुआ मजदूरी प्रणाली को राजस्थान राज्य में 'सागड़ी प्रथा' या 'हाली प्रथा' के नाम से जाना जाता है। इस प्रथा के अन्तर्गत जमींदारों, साहूकारों आदि द्वारा गरीब व जनजातीय लोगों को उधार दी गई राशि के बदले उस व्यक्ति या उसके परिवार के किसी सदस्य को अपने यहाँ नौकर के रूप में रखा जाता है। इसे रोकने के लिए राजस्थान सरकार ने 'राजस्थान सागड़ी प्रथा उन्मूलन अधिनियम, 1961 पारित किया था।

54. भीलों में 'छेड़ा फाड़ना' क्या है?

(a) विवाह (b) तलाक
(c) नाता (d) जिमान

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (b) : भीलों में 'छेड़ा फाड़ना' तलाक की एक प्रथा है। भील जनजाति राजस्थान की दूसरी प्रमुख जनजाति है। कर्नल टॉड ने भीलों को 'वन पुत्र' की संज्ञा दी है। 'टोटम' भीलों के कुलदेवता है।

55. राजस्थान में गोला, दरोगा, चाकर, चेला आदि सम्बोधन किसके लिए प्रयुक्त होते थे?

(a) तांत्रिक के लिए (b) घरेलू दास के लिए
(c) पुलिसकर्मी के लिए (d) बन्धुआ मजदूर के लिए

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (b) : राजस्थान में गोला, दरोगा, चाकर, चेला आदि सम्बोधन घरेलू दास के लिए प्रयुक्त होते थे।

56. आदिवासियों में प्रचलित लीला-मोरिया संस्कार किस अवसर से जुड़ा हुआ है?

(a) विवाह (b) सगाई
(c) जन्म (d) नामकरण

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (a) : लीला-मोरिया संस्कार आदिवासियों की विवाह प्रथा से संबंधित है।

57. 'सीरावन' से क्या तात्पर्य है?

(a) ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों का प्रातःकालीन नाश्ता
(b) ग्रामीण किसानों का दोपहर का भोजन
(c) मेवाड़ क्षेत्र का नृत्य
(d) ढूँढाड़ क्षेत्र में ग्रामीणों की वेशभूषा

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021

Ans. (a) : ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों का प्रातःकालीन नाश्ता 'सीरावन' कहलाता है।

58. विवाह के दूसरे दिन वर पक्ष द्वारा नवदंपत्ति के लिए आशीर्वाद समारोह व प्रीतिभोज को क्या कहते हैं?

(a) कू (b) बढ़ार
(c) औलंदी (d) आणों

Basic Computer Anudeshak-18.06.2022